प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

सरस मेला में पोषण पहाड़ के माध्यम से पर्वतीय पोषण पर जागरूकता

रूद्रपुर के गांधी पार्क में आयोजित सरस मेला 2026 के अंतर्गत जनपद उधम सिंह नगर के ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 'पोषण–पहाड़' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य सतत एवं पारंपरिक पहाड़ी खाद्य पदार्थों को पोषण जागरूकता के साथ बढ़ावा देना था। प्रातः 11:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक चले इस आयोजन में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों, महिलाओं एवं बच्चों ने सहभागिता की।

कार्यक्रम में न्यूट्रिशन सोसायटी आफ इण्डिया (एनएसआई) पंतनगर चैप्टर तथा गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के खाद्य एवं पोषण विभाग के छात्र–छात्राओं ने सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम का मार्गदर्शन डा. रीता सिंह रघुवंशी, डा. अर्चना कुशवाहा एवं डा. नीतू डोभाल द्वारा किया गया।

सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठाता डा. अल्का गोयल ने स्टॉल का निरीक्षण करते हुए विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम के अंतर्गत मिलेट आधारित उत्पादों जैसे झंगोरा कचरी एवं मिलेट मफिन्स का प्रदर्शन एवं विक्रय किया गया तथा "पौष्टिक होली" थीम के माध्यम से स्वस्थ त्योहार भोजन को प्रोत्साहित किया गया। मेले में न्यूट्रिशनल स्टेटस असेसमेंट स्टॉल पर प्रतिभागियों की बीएमआई, कमर–नितंब अनुपात तथा बच्चों का एमयूएसी मापन किया गया। साथ ही, डाइट काउंसलिंग के माध्यम से संतुलित आहार एवं जीवनशैली जनित रोगों की रोकथाम संबंधी परामर्श प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान खाद्य एवं पोषण की विभागाध्यक्ष डा. अर्चना कुशवाहा द्वारा मिलेट्स की पोषण गुणवत्ता, स्वास्थ्य लाभ एवं सतत आहार में उनकी भूमिका पर विस्तृत जानकारी दी गई। 'पोषण–पहाड़' के माध्यम से पारंपरिक पहाड़ी खाद्य पदार्थों को स्वस्थ एवं सतत जीवनशैली से जोड़ने का संदेश दिया गया।